बीज विनिमिय एवं वितिरण कार्यक्रम

चर्चा में क्यों?

23 मई, 2022 को मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा बताया गया कि झारखंड में पहली बार समय से पहले किसानों को बीज वितिरण की प्रक्रिया शुरू करते हुए बीज विनिमिय एवं वितिरण कार्यक्रम योजना के अंतर्गत खरीफ फसल के बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर 11 मई, 2022 से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

प्रमुख बिंदु

- राज्य में कृषि निदेशालय किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज का वितिरण ब्लॉकचेन आधारित ट्रेसबिलिटी प्लेटफॉर्म के ज़रिये कर रहा है, जिससे किसानों को बीज की समय पर उपलब्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो पा रही है।
- इसके साथ ही झारखंड ब्लॉकचेन प्रणाली से बीज वितिरण करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।
- खरीफ मौसम में मात्र एक महीने में ही 101065 किसानों को ब्लॉकचेन आधारित बीज ट्रेसबिलिटी प्लेटफॉर्म पर निबंधित कर लिया गया है। साथ ही 123 एफपीओ **(FPOs)** को भी पंजीकृत किया गया है ।
- इस प्रणाली से बीज के साथ कृषि निदेशालय की अन्य सरकारी कृषि योजनाओं का भी लाभ निबंधित किसानों व एफपीओ को दिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/seed-exchange-and-distribution-programme